FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट थाना एका दिनाँक 17-11-2026 जनपद फिरोजाबाद।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा एवं श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में थाना एका पुलिस टीम द्वारा थाना एका क्षेत्रान्तर्गत हत्या की घटना कारित करने वाला एक वाँछित अभियुक्त रवेन्द्र को किया गिरफ्तार ।

✓ **मामले में आरोपी देवेन्द्र पुत्र गंगा सिंह को पुलिस मुठभेड के दौरान अवैध असलहा सहित किया जा चुका है गिरफ्तार.....**

दिनांक 15.11.2026 की सुबह लगभग पाँच बजे ग्राम सिंहपुर उडेसर में मृतक प्रदीप कुमार पुत्र बज्र सिंह निवासी ग्राम सिंगपुर उडेसर थाना एका जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 30 वर्ष की घटना में गिरफ्तारशुदा अभियुक्त देवेन्द्र पुत्र गंगा सिंह निवासी ग्राम सिंगपुर थाना एका जनपद फिरोजाबाद के द्वारा अपने अन्य सह अभियुक्तगणों के साथ मिलकर जमीनी रजिंश में पीट पीटकर मृतक प्रदीप की निर्मम हत्या कर दी गई थी। जिसके सम्बन्ध में थाना एका पर मु.अ.स.0301/2026 धारा-191 (2) /191(3)/190/103(1)/352/ 351(2)/3(5)/61(2) बीएनएस बनाम देवेन्द्र पुत्र गंगा सिंह यादव निवासी ग्राम सिंगपुर थाना एका जनपद फिरोजाबाद व अन्य 12 अभियुक्तगण के विरूद्ध पंजीकृत हुआ था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे द्वारा वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के नेतृत्व में कुल 04 पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 16-11-2026 की रात्रि में अभियुक्त देवेन्द्र को पुलिस मुठभेड़ के दौरान अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया गया था।

मुकदमा उपरोक्त में अन्य वाँछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें लगातार अभियुक्तगण के मस्कन एवं सम्भावित स्थानों पर तलाश कर रही थी। अभियुक्तों की तलाश के दौरान मुखविर खास द्वारा पुलिस टीम को सूचना दी गयी कि उपरोक्त घटना का वांछित अभियुक्त रवेन्द्र , जो महाराजपुर मोड पर मन्दिर के पास खडा होकर किसी का इन्तजार कर रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा महाराजपुर मोड पर मन्दिर के पास से अभियुक्त रवेन्द्र पुत्र गंगा सिंह निवासी ग्राम सिंगपुर थाना एका जनपद फिरोजाबाद को दि0 17.11.26 को समय 07.25 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अन्य वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता

1-रवेन्द्र पुत्र गंगा सिंह निवासी ग्राम सिंगपुर थाना एका जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास

1. मु.अ.स.0301/2026 धारा 191 (2) /191(3)/190/103(1)/352/351(2)/3(5)/61 (2) बीएनएस थाना एका जनपद फिरोजबाद

2. मु.अ.स.0299/2026 धारा 191 (2)/115 (2)/352/125 बीएनएस थाना एका जनपद फिरोजाबाद

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम..

1. श्री राजेश कुमार पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना एका जनपद फिरोजाबाद
2. उ0नि0 श्री विश्वेन्द्र सिंह थाना एका जनपद फिरोजाबाद
3. का0 962 अमन छोकर थाना एका जनपद फिरोजाबाद
4. का0 35 राम कुमार थाना एका जनपद फिरोजाबाद
5. का०चा०357 गौरव कुमार थाना एका जनपद फिरोजाबाद